## खबर संक्षेप



### रेत के अवैध परिवहन पर दो ट्रेक्टर ट्राली जब्त

**कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र में राजस्व और पुलिस विभाग ने अवैध रेत परिवहन के खिलाफ कार्रवाई की। रविवार को संगम घाट के पास से रेत से भरी दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त की गईं। बड़वारा थाना प्रभारी के.के. पटेल को अवैध रेत परिवहन की गुप्त सूचना मिली। इस पर राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर दबिश दी। संगम घाट के पास दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में रेत का अवैध परिवहन हो रहा था। पुलिस को देखकर वाहन चालक ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को छोड़कर भाग निकले। जब्त की गई दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर नंबर प्लेट नहीं थी। दोनों वाहनों को बड़वारा थाना परिसर में रखा गया है। थाना प्रभारी पटेल के अनुसार मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### ढाबे में दबिश देकर जब्त की गई 60 लीटर कच्ची शराब

**कटनी।** एनकेजे पुलिस ने बड़ी मात्रा में कच्ची शराब जब्त की है। थाना क्षेत्र के जुहला बायपास स्थित एक ढाबे से पुलिस ने दबिश देकर अवैध शराब पकड़ी। पुलिस ने मौके से 60 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। एनकेजे थाना प्रभारी अनिल यादव को मुखबिर से सूचना मिली थी। मुखबिर ने बताया कि जुहला बाईपास के पास एक ढाबे में अवैध शराब बेची जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने ढाबे पर छापा मारा। तलाशी के दौरान पुलिस को चार प्लास्टिक के डिब्बों में रखी 60 लीटर अवैध कच्ची शराब मिली। आरोपी की पहचान दुर्गा चौक, खिरहनी निवासी राकेश के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

### कंट्रोल रूम में दें सूचना

**कटनी।** वर्षा के दौरान नगर के सार्वजनिक मार्गो एवं विभिन्न बस्तियों में जलप्लावन एवं जलभराव की समस्या के त्वरित निराकरण हेतु नगर निगम में बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। अतिवृष्टि के दौरान नागरिकग बाढ़ नियंत्रण कंट्रोल रूम नंबर 07622-292740 पर संपर्क कर जलभराव की सूचना देकर समस्या का निराकरण करा सकते है। रविवार सुबह से रुक रुक कर हो रही वर्षा को देखते हुए निगमायुक्त नीलेश दुबे ने कंट्रोल रूम में संलग्न कर्मचारियों को प्राथमिकता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए है। निगमायुक्त के निर्देश पर राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक द्वारा कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण कर रात्रिकालीन शिफ्ट में संलग्न कर्मचारियों को कंट्रोल रूम में उपस्थित रहकर नागरिकों की जलभराव संबंधी प्राप्त शिकायतों से क्षेत्रीय अधिकारी एवं गठित दल के कर्मचारियों को तत्काल सूचित कर निराकरण करानें के निर्देश दिए है।

रविवार को सुबह से शाम तक लगातार तेज तो कहीं धीमी बारिश का चला सिलसिला, पुलों के ऊपर पानी होने से संपर्क टूटा

# जिले में लगातार बारिश से उफान पर नदी नाले, प्रशासन अलर्ट





हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रविवार को सुबह से ही मानसून पूरी तरह से सक्रिय नजर आया। आसमान में घने बादलों की वजह से दिन के समय भी शाम जैसा नजारा बना रहा है। सुबह से ही रूक रूक कर तेज तो धीमी बारिश का सिलसिला चलता है। लगातार बारिश होने की वजह से नाले उफान पर आ गए और सड़कों में पानी भर गया। रविवार अवकाश होने की वजह से शहर में दुकानें एवं बाजार बंद रहा लोग घरों में ही रहे। बारिश की वजह से बिजली बंद होने की समस्या भी बनी रही। बार बार बिजली के बंद होने का क्रम चलता रहा। तेज बारिश की वजह से शहर की जीवनदायिनी कटनी में भी जलस्तर बढ़ गया है। हालांकि नदी का जलस्तर अभी इतना नहीं बढ़ा कि बाढ़ के हालात बने। सक्रिय मानसून को देखते हुए नगर निगम एवं जिला प्रशासन द्वारा संभावित बाढ़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्थाएं दुरूस्त कर ली गई हैं।

जिले में पिछले दो दिनों से बारिश का क्रम जारी है। कभी शहरी तो कभी ग्रामीण अंचलों में तेज बारिश हो रही है। जिले में जारी बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं। शहर की निचली बस्तियों में जलभराव हो गया है। मुड़वारा से कटनी साउथ स्टेशन जाने वाला मंगलनगर अंडरब्रिज में पानी भर जाने से आवागमन ठप रहा। गौरतलब है कि यह मार्ग आर्डिनेंस फैक्ट्री, साउथ स्टेशन, छपरवाह सहित अन्य ग्रामों को जोड़ता है जहां से हजारों लोगों की दैनिक आवाजाही होती है। पुलिया में पानी भरने के चलते रेल यात्रियों को स्टेशन पहुंचने में परेशानियों का सामना करना पड़ा। कुछ लोग जान जोखिम में डालकर जलमग्न



अंडरब्रिज को पार करते भी देखे गए। बारिश की वजह से निचली बस्तियों में भी पानी भर गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।

लगातार बारिश होने से कम ऊंचाई वाले पुलों में पानी ऊपर से बह रहा है। एनकेजे थाना क्षेत्र के ग्राम पड़रिया से सरसवाही मार्ग में पड़ने वाला मार्ग में बना पुल पर पानी आ जाने के चलते आवागमन बाधित हुआ। बारिश की वजह से पुल के ऊपर पानी बहने से गांव का संपर्क भी बाधित हुआ। लोग जोखिम लेकर पुल पार करते नजर आए।

### उमड़ार व भदार नदी उफान पर आई, आवागमन बंद

बरही तहसील अंतर्गत खितौली करचुलिहा उमड़ार नदी तेज बारिश से उफान पर आ गई जिससे चंदिया व उमरिया दोनों तरफ का आवागमन बंद हो



गया। इसी तरह बगदरी, भदार नदी भी बाढ़ आ गई जिससे आवागमन बाधित रहा। जलस्तर बढ़ जाने से बांधवगढ़, उमरिया मार्ग घंटों तक बाधित रहा। वाहन चालकों एवं को ग्रामीणों कई सालों से बरसात के मौसम में इस प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ता है। बरसात के मौसम में कम ऊंचाई का रपटा होने से नदी का पानी बढ़ जाता है जिससे बड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। तेज बारिश होने से रपटा के ऊपर पानी चलने लगता है इसके चलते आवागमन बाधित हो जाता है। आसपास के ग्रामों में रहने वाले ग्रामीणों का कहना है कि यदि उमड़ार नदी में बड़ा पुल होता तो हालत जल्दी नहीं बिगड़ते और आवागमन भी कम बाधित होता। क्षेत्र में बीते 24 घंटे से रूक रूक कर हो रही बारिश की वजह से नदी नाले



उफान पर है। वाहन चालकों एवं राहगीरों को नदी के पानी के उतार का इंतजार करना पड़ता है। कई बार कई घंटों तक खड़े रहने की मजबूरी होती है। बरही तहसीलदार नदी का जायजा लेने पहुंचे और लोगों को समझाइश दी कि बहते पानी में न जाएं। सावधान बरतें एवं सुरक्षित रहें।

### जल भराव की समस्या

स्लीमनाबाद क्षेत्र में भी बारिश का सिलसिला जारी है। रविवार की दोपहर 2 बजे से हुई झमाझम बारिश से क्षेत्र के नदी -नाले उफान पर आ गये है। खेत जलमग्न हो गए। किसान बहुत दिनों से झमाझम बारिश होने का इंतजार कर रहे थे। बारिश हो जाने के बाद अब धान रोपाई कार्य जोर पकड़ेगा। रविवार को घने काले बादल छाये रहने के साथ गरज-चमक के साथ बादल बरसे जिससे तापमान में भी गिरावट आई। बारिश के कारण सड़कों पर पानी भर गया। जगह जगह जलभराव हो गया। जल निकासी के लिए नालियों को साफ-सफाई ग्राम पंचायतों के द्वारा नही कराई गई जिस कारण रहवासियों को जलभराव स्थिति के चलते आवागमन में समस्याओ का सामना करना पड़ा। ग्राम पंचायतों की व्यवस्था की हकीकत खुलकर सामने आ गई। बारिश के चलते लोग घरो मैं दुबके रहे।

### आवागमन हुआ प्रभावित

रविवार को हुई झमाझम बारिश से तहसील क्षेत्र के नदी व नाले उफान पर आ गए। स्लीमनाबाद की जीवनदायिनी कटनी नदी जल स्तर बढ़ने से उफान पर दिखी जिससे बंधी स्टेशन से मटवारा मार्ग, खिरहनी से पिपरिया परौहा मार्ग पर बना रपटा डूब गया है और आवागमन प्रभावित हुआ। वही स्लीमनाबाद से बिलहरी मार्ग पर संगम नदी पर बना पुल डूब जाने से राहगीरों को अपने गंतव्य स्थानों तक पहुँचने के लिए दूसरे मार्गो का सहारा लेना पड़ा। सभी मार्गो पर संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंचो ने पहुँचकर बेरिकेड्स लगाए ताकि लोग पुलों को पार न करे।

### जन जीवन अस्त व्यस्त

रविवार को हुई मूसलाधार बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त रहा। बारिश से ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद में अव्यवस्था की पोल खुलकर सामने आ गई। ग्राम पंचायत के वार्डो मैं बारिश काल पूर्व नालियों की साफ सफाई न कराने से गालियां जलमग्न हो गई। स्लीमनाबाद के वार्ड नं.11 में पूरा मार्ग जल निकासी न होने से जलमग्न हो गया। वही स्लीमनाबाद मुख्य तिराहा मैं भी यही हाल रहा। बारिश चलते विद्युत व्यवस्था भी प्रभावित हुई। ग्रामीण अंचलों में जगह जगह फाल्ट आ जाने से विद्युत व्यवस्था आपूर्ति ठप्प रही।



## आकाशीय बिजली गिरने से 9 बकरियों की मौत, चरवाहा घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

रविवार को सुबह और फिर दोपहर बाद हुई बारिश से नदी नाले उफान पर रहे। गरज चमक के साथ हुई बारिश ने लोगों का जीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। खम्हरिया निवासी लच्छू यादव जंगल से बकरियां चराकर वापस लौट रहा था। बन्धा के पास पहुँचा इस दौरान आकाशीय बिजली गिरी। चपेट में आने से 9 बकरियों की मौत हो गई, एक भैंस घायल है। घटना में मवेशी मालिक भी घायल हो गया है।जिसका प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार जारी है।

### सभी स्कूलों में अवकाश किया गया घोषित

**कटनी।** जिले में सक्रिय मानूसन एवं लगातार हो रही बारिश तथा मौसम विभाग द्वारा भारी वर्षा की बताई गई संभावना को देखते हुये कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने आदेश जारी कर सोमवार सात जुलाई को जिले की सभी शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में विद्यार्थियों के लिये अवकाश घोषित किया है। कलेक्टर श्री यादव द्वारा जारी यह आदेश शासकीय, अशासकीय, मान्यता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई एवं विद्यालयों पर भी लागू होगा।

### जिले में अब तक 315.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून से 6 जुलाई तक कुल 315.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल स्लीमनाबाद तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 427.4 मिमी वर्षा हुई है।

मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मनाया मोहर्रम पर्व निकाले ताजिए व सवारी

## या हुसैन के नारों के साथ निकाला गया ताजियों का जुलूस, कर्बला में किया दफन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

रविवार को इमाम हुसैन की शहादत की याद में मोहर्रम पर्व स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र मे मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मनाया ।मोहर्रम की दसवीं तारीख पर ऐतिहासिक फूलों के तजिए के साथ मोहर्रम के जुलूस की शुरुआत स्लीमनाबाद तहसील मुख्यालय मैं मस्जिद से हुई।जहां जुलूस पूरे नगर का भ्रमण करते मुख्य बाजार पहुँचा। जहां मुस्लिम धर्म गुरुओं से आशीर्वाद लेने हिन्दू समुदाय के लोग भी पहुँचे।

मोहर्रम पर्व मुस्लिम समाज के लोगो के द्वारा अनेक प्रकार की अकीदत भी पेश की गई। मोहर्रम पर रविवार को मुस्लिम समुदाय के लोग हजरत इमाम हुसैन की याद में



गमजदा हो गए व अकीदत पेश की। बाद में गमजदा माहौल में ताजिया शरीफ को झालरे और जलाशयों में सैराब किया गया। मुस्लिम घरों में चूल्हे नहीं जले। कई लोगों ने रोजे और उपवास रखे।हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के 72 शहीदों की याद में दी हजरत हुसैन सोसायटी की ओर से बड़ा हाईदौस खेला गया।कर्बला के मंजर का प्रसंग सुनकर कई धर्मावलंबी गमजदा होकर सुबक उठे। कौमी एकता की मिसाल को कायम रखते हुए मोहर्रम की 10 तारीख के जुलूस को स्लीमनाबाद की सरजमी में एक नई आमद का आगाज हुआ ।सादिक बाबा ताजी की नई छड़ सन्नू बाबा की छड़ दोनों मुजावीरों ने मजमे को संभाल के रखा और दोनों ताजिया दोनों छड़े एक साथ बस्ती का गस्त करते हुए जुलूस संपन्न हुआ।

हसनी हुसैनी सोसाइटी के सदस्यों का पूरा सहयोग रहा।हजारों की संख्या में अकीदतमंद ताजियों को ले जाकर देर शाम करबला में सपुद ए खाक किया गया।मोहर्रम पर्व शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हो इसके लिए पुलिस कर्मियों ने मोर्चा संभाला हुआ था। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी, नायब तहसीलदार आर के नामदेव, थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया सहित बड़ी संख्या मे पुलिस कर्मियों की उपस्थिति रही।

चार माह तक नहीं होंगे शुभ मांगलिक कार्य, नहीं बजेगी शहनाई

## देवशयनी एकादशी: योग निंद्रा में गए जगत के पालनहार श्री हरि

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

जगत के पालनहार भगवान श्री हरि 6 जुलाई को देवशयनी एकादशी पर चार माह की योग निंद्रा में चले गए। श्री विष्णु के योग निंद्रा में जाने के कारण अब आगामी चार माह तक कोई शुभ मांगलिक कार्य नही होंगे। 1 नवंबर 2025 को देवउठनी एकादशी को भगवान विष्णु योग निंद्रा से जागेंगे। इसी के साथ ही तुलसी विवाह होगा और उसके बाद सभी शुभ कार्य शुरू हो जाएगें।

पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया कि भगवान विष्णु के योग निंद्रा में जाने से वह अपने सारे अधिकार भगवान शिव को सौंप देते हैं जिसमें सिर्फ धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। चातुर्मास भी 6 जुलाई



से शुरू हो गया है जो 1 नवंबर को खत्म होगा। पंडित रमाकांत पौराणिक ने बताया किचातुर्मास में यह शुभ कार्य नहीं किए जाएंगे जैसे शादी-विवाह, द्वारगमन, मुंडन-जनेऊ, गृह-निर्माण, गृह-प्रवेश, नया व्यापार या काम शुरू करने जैसे शुभ कार्य बंद रहेगा। शुभ मुहूर्त 1 नवम्बर 2025 से शुरू होगा।

### सिंहवाहिनी मंदिर मानस पाठ

देवशयनी एकादशी के पर्व पर



रविवार को स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर मे विविध धार्मिक आयोजित किये गए। जहां भगवान बांके बिहारी का अभिषेक ,पूजन-अर्चना के साथ मंगलाचरण किया गया। वही दोपहर मैं सिंहवाहिनी महिला मंडल के द्वारा रामचरित मानस पाठ आयोजित किया गया। रामचरित मानस पाठ समापन उपरांत आरती कर विश्व कल्याण की कामना की गई। उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया।

## कंट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों पर किए जा रहे जल निकासी के प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निगमायुक्त नीलेश दुबे नगर निगम में स्थापित बाढ़ नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर के माध्यम से जलभराव से संबंधित प्राप्त शिकायत एवं उनके निराकरण की स्थिति की पल पल की जानकारी लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश निर्देश दे रहे है।

निगमायुक्त श्री दुबे ने नगर में शनिवार से लगातार थम थम कर हो रही वर्षा के दौरान नगर के कच्चे मार्गों एवं बस्तियों में जलभराव संबंधी प्राप्त शिकायत का तत्काल कच्ची नाली खोदकर एवं नालियों के जाम आदि को खुलवाते हुए वर्षा जल निकासी करने हेतु स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया है।



निगमायुक्त श्री दुबे नें नगर में लगातार हो रही बारिश को दृष्टिगत रखते हुए आपदा नियंत्रण दल के सभी अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए है।

स्वास्थ्य अधिकारी श्री सोनी ने बताया कि कंट्रोल रूम सहित अन्य माध्यमों से अब तक प्राप्त बाल गंगाधर तिलक वार्ड क्रमांक 1 की गली नंबर 7, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड के कृषि उपज मंडी मार्ग मार्ग, अहमद नगर के बस्ती के कच्चे मार्ग, सूर्या होटल के पास शिवाजी नगर मार्ग, वार्ड क्रमांक 18 स्थित पवनपुरी कॉलोनी सहित अन्य स्थानों में अतिवर्षा के दौरान जलभराव संबंधी प्राप्त शिकायतों का स्वास्थ्य विभाग की टीम के माध्यम से निराकरण कराया जाकर जल निकासी का कार्य कराया गया।

खबर संक्षेप



## अभाविप ने मसुरहा घाट में चलाया विशेष स्वच्छता अभियान

**कटनी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा मनाए जा रहे स्थापना दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत स्टूडेंट्स फॉर डेवलपमेंट के माध्यम से नगर के मसूरहा घाट पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में कार्यकर्ताओं ने घाट क्षेत्र में फैली जलकुंभी को श्रमदान द्वारा हटाया तथा सम्पूर्ण क्षेत्र की सफाई कर जल स्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण का संदेश दिया। अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं में पर्यावरण जागरूकता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विस्तार करना रहा। इस अवसर पर उपस्थित प्रांत सह मंत्री सुव्रत बाझल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा"विद्यार्थी परिषद केवल छात्र संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशाला है। SFD जैसे मंचों के माध्यम से परिषद समाज सेवा के वास्तविक मूल्यों को स्थापित कर रही है। वहीं जिला संयोजक ऋषभ त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहाःकटनी नगर के सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता में योगदान देना, परिषद के कार्यकर्ताओं की सामाजिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह अभियान परिषद के सेवा संकल्प का सशक्त उदाहरण है। कार्यक्रम में नरसिंहपुर विभाग संयोजक सीमांत दुबे नगर मंत्री,संजय कुशवाहा सहित, छात्र कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिकों की सहभागिता रही।

## आंधी बारिश के दौरान सावधानी बरतने की अपील

**कटनी ।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने नागरिकों से आंधी, बिजली और बारिश के दौरान सावधानी बरतने की अपील की गई है। अगले 24 घंटों में कटनी जिले में बारिश की संभावना व्यक्त की गई है। आंधी, तेज हवाएं, बिजली कड़कने और बारिश में सावधानी अपनाएं। खिड़की दरवाजे बंद रखकर सुरक्षित जगह पर रहें। बिजली के उपकरणों से दूरी बनाकर रखें और जरूरी खाद्य सामग्री तैयार रखें। स्थानीय समाचार चैनल या अन्य माध्यम से जानकारी लेते रहें और बाहर जाने से बचें ताकि किसी भी तरह की अनहोनी से बचा जा सके।साथ ही बारिश में पूरी सावधानी बरतें। कलेक्टर श्री यादव ने नागरिकों से बारिश के दौरान सुरक्षित जगह पर ही रहने की अपील की गई है। पुल-पुलियों रिपटो पर पानी होने पर उन्हें पैदल या वाहन से पार न करें। आसमानी बिजली, आंधी-तूफान से खुद को बचाएं। ऐसी स्थिति में बाहर खुले में कोई भी स्थान सुरक्षित नहीं होता है।

## पुलिस कप्तान ने कुठला थाना का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं



**कटनी।** पुलिस कप्तान अभिनय विश्वकर्मा ने कुठला थाने का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसपी ने थाने के अभिलेख चेक करने के उपरांत थाना भवन का निरीक्षण करते हुए थाने के रखरखाव का निरीक्षण लिया। इस दौरान उन्होंने थाने में मौजूद पुलिस स्टाफ से नवीन कानून का क्रियान्वयन, ऑनलाइन कार्यों, लंबित अपराधों, मर्ग, एमएलसी, पीएम रिपोर्ट की समीक्षा की। उन्होंने स्टाफ से बातचीत करते हुए थाना भवन, थाना परिसर, आवासीय भवनों आदि के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी राजेंद्र मिश्र को एसपी ने मैन मैनेजमेंट सहित अन्य प्रमुख बातों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसपी ने थाना क्षेत्र के सामाजिक, भौगोलिक, आर्थिक, राजनैतिक गतिविधियों के बारे में जानकारी ली व अपराधों, अपराधियों पर सख्त नियंत्रण रखने का दिशा निर्देश दिया।

### कानून, शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाएं रखने के उद्देश्य से एसपी ने किया ब्रीफ

# मोहर्रम पर्व : एसपी ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशेष रूप से अलर्ट रहने कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मोहर्रम के अवसर पर जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से तैनात पुलिस बल को पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा द्वारा रविवार थाना कोतवाली परिसर में ब्रीफ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सभी अधिकारियों व जवानों को आगामी धार्मिक आयोजन के दृष्टिगत कर्तव्यों के प्रति सजग, सतर्क एवं संवेदनशील रहने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मोहर्रम एक महत्वपूर्ण धार्मिक अवसर है, जिसके दौरान सामाजिक सौहार्द एवं आपसी भाईचारे की भावना को बनाए रखते हुए पुलिस को अपने दायित्वों का निर्वहन करना है। भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए सभी जवानों को विशेष सतर्कता बरतने, रेनकोट पहनने, जलभराव वाले क्षेत्रों की निगरानी रखने, और आवश्यकतानुसार वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



### संवाद से स्थितियों को करें नियंत्रित

उन्होंने बल को स्पष्ट रूप से बताया कि आमजन से संवाद और सहयोग के माध्यम से ही किसी भी स्थिति को सहजता से नियंत्रित किया जा सकता है। पुलिस बल को पूरी निष्ठा और संयम के साथ तैनाती स्थल पर अपनी उपस्थिति दर्ज करानी है, जिससे किसी भी प्रकार की अफवाह या अराजक तत्वों की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके।

### ताकि तुरंत हो समाधान

ब्रीफिंग में उन्होंने यह भी कहा कि नगर निगम, बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग आदि से समन्वय बनाकर रखें, ताकि बारिश के कारण उत्पन्न होने वाली समस्याओं का तुरंत समाधान हो सके।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया, सुबोध लोखण्डे कार्य० सहा. सेनानी 06 वीं वाहिनी विसबल जबलपुर, थाना प्रभारी कोतवाली, माधवनगर, कुठला, रंगनाथनगर एवं एनकेजे सहित मोहर्रम त्यौहार ड्यूटी में नियुक्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगणों की उपस्थिति रही।

### ड्रोन कैमरे से निगरानी

मोहर्रम पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस द्वारा पुख्ता सुरक्षा इंतज़ाम किए गए। मौसम विभाग द्वारा भारी वर्षा की चेतावनी के बावजूद जिला पुलिस ने मोहर्रम के जुलूसों एवं ताजियों के मार्गों पर सुरक्षा के व्यापक इंतज़ाम सुनिश्चित किए। एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में समस्त थाना प्रभारियों एवं पुलिस बल को अलर्ट पर रखा गया। जलभराव संभावित क्षेत्र एवं वैकल्पिक मार्ग चिन्हित किए गए। ड्रोन कैमरों व सीसीटीवी के माध्यम से संवेदनशील क्षेत्रों पर निगरानी की जा रही है। कंट्रोल रूम को एक्टिव मोड में रखा गया है, जहां से स्थिति पर निरंतर नज़र रखी जा रही है। स्थानीय प्रशासन, नागरिक समितियों एवं समाजसेवियों के सहयोग से आपसी समरसता एवं सौहार्द बनाए रखने हेतु संवाद किया गया। जिले में पुलिस का 300 से अधिक के बल के साथ रिजर्व फोर्स भी तैनात है, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तत्काल निपटा जा सके। मोहर्रम के सभी कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हो, इसके लिए पुलिस सतर्क है।

# ब्लड उपलब्ध कराने के नाम पर 2500 रूपए लेकर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिला अस्पताल में सक्रिय दलाल मरीजों के तीमारदारों को बातों में उलझाकर अपने भरोसे में लेकर ठगी कर रहे हैं। यदा कदा ऐसे मामले सामने आते रहते हैं। जिला अस्पताल में ब्लड उपलब्ध कराने का झांसा देकर एक ठग 2500 रूपए लेकर चंपत हो गया। जानकारी के अनुसार झिंझरी निवासी मुन्नी भूमिया की बहन द्रोपती भूमिया आठ माह की गर्भवती है और जिसे गंभीर स्थिति में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टर्स ने उसे दो यूनिट ब्लड पहले ही चढ़ाया था और एक और यूनिट की सलाह दी थी। इसी दौरान, परिजनों के अनुसार, एक लंबा-चौड़ा गोरा युवक वार्ड में पहुंचा और खुद को अस्पताल से जुड़ा बताते हुए ब्लड उपलब्ध कराने की बात कहने लगा। जरूरतमंद परिजन उसकी बातों में आ गए। युवक ने ब्लड के बदले 2500 रुपये मांगे। पहले तो परिजनों ने मना किया, लेकिन युवक ने दावा किया कि अस्पताल के सभी लोग उसे जानते हैं और उसने उनका भरोसा जीत लिया। परिजनों ने आखिरकार पैसे दे दिए और युवक के साथ ब्लड बैंक पहुंचे। लेकिन वहां पहुंचते ही युवक बहाना बनाकर पर्ची कटवाने की बात कहकर गायब हो गया। काफी तलाश के बाद भी वह नहीं मिला। न ब्लड मिला, न ही पैसे वापस हुए। अब गरीब परिजन का रो-रो कर बुरा हाल हैं।

इस घटना ने अस्पताल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। हैरानी इस बात कि है कि अस्पताल परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगे होने के बावजूद ऐसी घटनाएं हो रही हैं और जिम्मेदार मौन साधे बैठे है। किसी भी तरह की घटना के बाद जांच का आश्वासन देकर मामले को चलता कर दिया जाता है। सवाल उठता है कि अस्पताल में ब्लड के नाम पर दलाली करने वालों को किसकी सह मिली हुई है। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को चाहिए कि इस मामले में तत्काल जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे, ताकि आगे किसी और मरीज के साथ ऐसा न हो।

*निर्माण के समय ध्यान नहीं दिये जाने से अब हो रही परेशानी*

# करोड़ों की लागत से बनी सड़क में भर रहा पानी, जिम्मेदार बने रहे बेपरवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

करोड़ों रुपए खर्च कर कुछ माह पहले ही लखाखेरा बायपास से लेकर जगतपुर उमरिया बायपास तक सीसी सड़क का निर्माण कार्य किया गया है एवं सड़क के दोनों साइड नाली का निर्माण कार्य किया जाना था जिसमें लगभग 8 करोड़ रुपये की अनुमानित राशि स्वीकृत की गई थी लेकिन ठेकेदार के द्वारा मनमानी करते हुए एवं जिम्मेदारों की मिलीभगत से सड़क का निर्माण कार्य किया गया।

बड़वारा लखाखेरा बायपास से लेकर जगतपुर उमरिया बायपास तक सीसी रोड का और दोनों साइड नाली, फुटपाथ का निर्माण कार्य किया जाना था लेकिन ठेकेदार के द्वारा मनमानी करते हुए जहां पर नाली की आवश्यकता नहीं थी वहां पर नाली का निर्माण कार्य किया गया और जहां पर नाली का निर्माण कार्य किया जाना था वहां नाली निर्माण नहीं की गए। और जहां पर भी नाली का निर्माण कार्य किया गया है वहां पर सड़क से कई फुट ऊपर नाली बनाई गई एवं सड़क का पानी नाली में जाने की कोई उचित व्यवस्था नहीं की गए जिससे मौसम की पहली बरसात में ही सड़क में तालाब की तरह पानी भर गया है जिससे वहां से आवागमन में लगातार समस्या बनी हुए है एवं वहां के निवासियों व्यापारियों को जमे हुए पानी से मच्छरों का सामना करना पड़ रहा है जिससे गंभीर बीमारियां जन्म ले रही है।



### जिम्मेदार अधिकारी एवं जनप्रतिनिध बेपरवाह

बड़वारा तहसील में समस्त कार्यालय है जिनके सभी जिम्मेदार कर्मचारी नवनिर्मित सीसी सड़क से रोजाना आवागमन करते है फिर भी किसी का भी ध्यान इस ओर नहीं गया जबकि बड़वारा विधानसभा के विधायक का निवास भी ग्राम बड़वारा में है। इसके बावजूद ठेकेदार ने अपनी मनमर्जी कर सड़क निर्माण में जमकर धांधली कर डाला। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा एवम जिम्मेदार नेताओं के द्वारा ठेकेदार के द्वारा की गई अनियमितताओं के खिलाफ कोई भी जांच कार्यवाही नहीं की गई अपितु मौन धारण कर लिया गया।

## जनपद शिक्षा केन्द्र में प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान की कक्षा 6 वीं की परिवर्तित पुस्तकों के अध्यापन की नवीन शिक्षण शैली को शिक्षकों को सिखाने के दृष्टिकोण से जनपद शिक्षा केन्द्र बड़वारा में दो चरणों में प्रशिक्षण आयोजित किया गया जिसमें जन शिक्षकों सहित इन विषयों के अध्यापन कर रहे शिक्षकों ने बीआरसीसी सुवरन सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त किया, प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण के दूसरे चरण में डाइट कटनी से व्याख्याता राजेन्द्र असाटी एवं उमाशंकर सैनी द्वारा अध्ययन अध्यापन को कैसे रुचिकर बनाया जाए इस पर प्रकाश डाला गया। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षण प्रभारी ब्रजेश बुनकर एवं विज्ञान के डीआरजी शत्रुघन पाण्डेय व पंकज राय, गणित के DRG सारिका गुप्ता व तीरथ कचेर, सामाजिक विज्ञान के DRG राकेश विश्वकर्मा व पंकज पटेल की महती भूमिका रही। प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके सभी शिक्षक इस प्रशिक्षण से उत्साहित दिखे व शिक्षण की नवीन तकनीकों को अमल में लाने की प्रेरणा ली।

# बीएमएस के परिचय वर्ग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कार्यकर्ताओं में संगठन की जानकारी बराबर बनी रहे इसको लेकर भारतीय मज़दूर संघ के द्वारा जिले का परिचय वर्ग आयोजित किया गया। वर्ग में संघ का परिचय, संघ की कार्यपद्धति,वर्ष भर मनाए जाने वाले प्रमुख एवं अनिवार्य कार्यक्रम,पंच परिवर्तन, नारे, गीत,संगठन का ध्वज जैसे विषयों को रखा गया। इन सभी विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। परिचय वर्ग के मुख्य वक्ता संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी कमलेश पटेल रहे।

मुख्य वक्ता के द्वारा बीएमएस की स्थापना के पीछे का उद्देश्य से लेकर,स्थापना काल और वर्तमान समय में संगठन की स्थिति के बारे में श्रोताओं को अवगत कराया गया। कार्यकर्ताओं की श्रेणी के अनुसार प्रदेश एवं जिले स्तर पर संगठन इस तरह के आयोजन करता रहता है ताकि कार्यकर्ताओं के पास जानकारी समय समय पर अपडेट होती रहे जिसका मूल उद्देश्य संगठन की विचारधारा को बनाये रखना है।



परिचय वर्ग का आयोजन सिविल लाइन में किया गया जिसमें जिले में कार्यरत संघ के विभिन्न अनुषांगिक संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

वर्ग में ऑटो रिक्शा चालक संघ जिला अध्यक्ष राजसिंह बड़े, हम्माल संघ अध्यक्ष प्राणनाथ पटेल, अतिथि शिक्षक संघ महामंत्री अरुण गोस्वामी, जिला अध्यक्ष मोहन नायक, ,कृषि ग्रामीण मज़दूर संघ जिला अध्यक्ष सुरेश राठौर, जिलामंत्री ज्वाला पटेल, सहजिला मंत्री श्रीकांत सिंह,विनोद पटेल ,कोषाध्यक्ष संजू द्विवेदी,राज्य कर्मचारी संघ,एम आर संघ,सभी तहसीलों के अध्यक्ष के अध्यक्ष उपस्थित रहे।

*15 अगस्त से 15 सितंबर तक अभियान के रूप में किया जाएगा पौधारोपण*

# एक बगिया माँ के नाम के महिला हितग्राहियों की निजी भूमि पर होगा उद्यानिकी पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्रधानमंत्री नरेन्द्री मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान की प्रेरणा से उद्भूत परिकल्पना के अनुक्रम में एक बगिया माँ के नाम₹ परियोजना के अंतर्गत मानसून सीजन 2025 में स्व-सहायता समूह की पात्र महिला हितग्राहियों की निजी भूमि पर उद्याननिकी पौधारोपण किया जाना है। परियोजना अंतर्गत हितग्राही की पात्रता का परीक्षण मनरेगा अंतर्गत एनुअल मास्टर सर्कुलर द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार किया जाएगा। यह परियोजना छोटे, मध्यम एवं सीमांत कृषकों की भूमि पर उद्यानिकी फसलों के रोपण को प्रोत्साहित करेगी, जिनके उत्पादन और विपणन से उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

इस परियोजना अंतर्गत स्वीकृत कार्यों में पौधारोपण 15 अगस्त से 15 सितंबर, 2025 तक एक अभियान के रूप में किया जाएगा, परन्तु पौधारोपण कार्य, किसी विशेष तिथि पर न किया जाकर सिपरी सॉफ्टवेयर द्वारा सुझाए समयानुसार ही किया जाएगा।

परियोजना के अंतर्गत आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह की महिला सदस्य, जो स्वयं की भूमि पर फलदार पौधारोपण करने हेतु इच्छुक हो, उसका चयन किया जाएगा। चयनित महिला हितग्राही के नाम पर भूमि नहीं होने की दशा में उस महिला के पति, पिता या ससुर की भूमि पर उनकी सहमति के आधार पर पौधारोपण किया जा सकेगा। चयनित हितग्राही के पास पौधारोपण हेतु न्यूनतम 0.5 एकड़ भूमि होना अनिवार्य है। परन्तु परियोजना अंतर्गत अधिकतम 1 एकड़ भूमि पर ही कार्य किया जा सकेगा। हितग्राही का चयन ₹एक बगिया माँ के नाम₹ एपके माध्यम से किया जाएगा।हितग्राहियों का चयन इस प्रकार किया जाएगा कि परियोजना अंतर्गत पौधारोपण फलोद्यान क्लस्टर के रूप में विकसित हो सके।

एक बगिया माँ के नाम₹ एपके माध्यम से चयनित हितग्राही की भूमि का चयन सिपरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाएगा। सिपरी साफ्टवेयर द्वारा पौधारोपण हेतु उपयुक्त दर्शित भूमि पर ही इस परियोजना के अंतर्गत कार्य स्वीकृत किये जा सकेंगे। यदि सिपरी सॉफ्टवेयर द्वारा स्थल को पौधारोपण हेतु उपयुक्त नहीं बताया गया हो तो उस स्थल पर कार्य स्वीकृत नहीं किया जाएगा।

इस परियोजना अंतर्गत पौधारोपण की क्रियान्वयन एजेंसी ग्राम पंचायत होंगी। ग्राम पंचायत संबंधित हितग्राही के कार्य हेतु जारी की गई तकनीकी व प्रशासकीय स्वीकृति की शर्तों के अनुरूप गुणवत्तापूर्वक काम समय-सीमा से करायेगी।

ग्राम पंचायत स्तर पर फलोद्यान के प्रबंधन एवं सहायता हेतु आजीविका मिशन की कृषि सखी उपलब्ध होंगी। कृषि सखी, फलोद्यान के प्रबंधन जैसे समय पर खाद, पानी एवं कीटों से रोकथाम, जैविक खाद एवं जैविक कीटनाशक तैयार एवं उपयोग करवाना, अंतरवर्तीय फसलों की खेती संबंधी दायित्वों का निवर्हन करेंगी। आजीविका मिशन द्वारा प्रत्येक 25 एकड़ के फलदार पौधारोपण पर एक कृषि सखी को उपलब्ध कराया जाएगा।

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन

# नगर एवं तितली वन में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती पर रविवार को भाजपा जिला कार्यालय डॉ मुखर्जी को आदरांजलि दी गई। इस अवसर एक विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी ने कहा कि डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बताए आदर्शों पर चलकर आज भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना है।

डॉ मुखर्जी की राष्ट्रवाद की कल्पना एक देश एक निशान एक विधान और एक प्रधान के संकल्प को भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने पूरा कर कश्मीर से धारा 370 समाप्त की। श्री टण्डन ने कहा कि हम समस्त कार्यकर्ताओं का अपने महापुरुषों के बताए आदर्श पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष रामचन्द्र तिवारी ने कहा कि विचार और विचारधारा सदैव अमर होती है जैसे आज डॉ श्यामाप्रसाद जी की विचारधारा अमर है तथा हम सब उसका पालन करते हैं ठीक उसी तरह हम सभी को ऐसे कार्य करना चाहिए की हमारे सद विचार लोगों की प्रेरणा बने। तमाम कठिनाई के बावजूद छोटी से जीवन मे डॉ मुखर्जी वो कर गए जो सदैव पथ प्रदर्शक की भूमिका बनेंगे।

गोष्ठि को सम्बोधित करते पूर्व जिलाध्यक्ष चमनलाल आनंद ने डॉ मुखर्जी के जीवन चरित्र पर पर प्रकाश डालते हुए उनके संघर्ष को याद किया तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का आव्हान किया। इससे पूर्व भारतमाता, डॉ श्यामाप्रसाद जी, पंडित दीनदयाल जी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए।

संचालन जिला महामंत्री सुनील उपाध्याय एवं आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष रवि खरे ने किया। कार्यक्रम के उपरांत समस्त भाजपाजनों ने नगर वन तथा तितली वन पहुंचकर एक पौधा माँ के नाम एवं हरित प्रदेश अभियान के तहत पौधरोपण किया बरसते पानी मे भाजपाजनों ने पौधरोपण कर देश प्रदेश को हरित प्रदेश बनाने की शपथ ली तथा माँ के नाम पौधारोपण करने तथा सभी को प्रेरित करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, पूर्व जिलाध्यक्ष रामरतन पायल, पीताम्बर टोपनानी, पूर्व मंत्री अलका जैन, चमनलाल आनंद, रामचंद्र तिवारी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनी, जिला महामंत्री सुनील उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष रवि खरे, मृदुल द्विवेदी, अंकिता तिवारी, जिला मंत्री विजय गुप्ता, आशीष गुप्ता बाबा, वरिष्ठ नेता भंवर सिंह चौहान, नंदू बसरानी, कैलाश जैन, सुरेश रोचलानी, कार्यालय मंत्री अम्बरीष वर्मा, मीडिया प्रभारी आशुतोष शुक्ला, यज्ञदत्त मिश्रा, मोर्चा जिलाध्यक्ष मृदुल मिश्रा, सीमा जैन, मंडल अध्यक्ष कौशलेश मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष वागीश आनंद, पार्षद सोनू बहरे, दीपक तिवारी, बालमुकुंद गुप्ता, मनोज नौगरहिया आदि की उपस्थिति रही।

## बालक छात्रावास की जर्जर भवन में मंडरा रहा खतरा

**सिलौंडी।** सिलौंडी में शासकीय जनजाति बालक छात्रावास का भवन पूरी तरह जर्जर हालत में है ।यहां रहने वाले बच्चो पर छत गिर रही है । एक अतिरिक्त भवन भी बनाया है वह भी बहुत जर्जर हालत में है चारो तरफ से पानी गिर रहा है ।

## महिला ने टमस नदी में लगाई छलांग पति भी कूदा

**सतना।** कोलगवां थाना क्षेत्र में शनिवार रात एक पति-पत्नी की जान पुलिस और मछुआरों की सूझबूझ से बच गई। त्योंधरी निवासी 23 साल की प्रियंका रावत ने माधवगढ़ स्थित पुल से टमस नदी में छलांग लगा दी। पत्नी को कूदते देख पति प्रदीप रावत भी नदी में कूद गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत कोलगवां थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे प्रधान आरक्षक बृजेश सिंह ने नदी में छलांग लगाकर स्थानीय मछुआरों की मदद से दंपती को सुरक्षित बाहर निकाला। दोनों को सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल ले जाया गया,जहां प्रियंका का इलाज चल रहा है। घटना के पीछे पारिवारिक विवाद की वजह सामने आई है। प्रियंका की ससुराल त्योंधरी में है। ससुराल में विवाद के बाद 5 दिन पहले सतना में किराए के कमरे में रह रही थी। शनिवार को पति प्रदीप सतना आया और कमरा खाली करा दिया। वो पत्नी को त्योंधरी ले जा रहा था,तभी नाराज प्रियंका ने नदी में छलांग लगा दी।

## खबर संक्षेप

### ट्रक फंसने से घंटों लगा रहा जाम

**गुनौर।** नगर परिषद गुनौर में मण्डी तिराहा के पास ट्रक फसने से घण्टों जाम लगा रहा गुनौर से अमानगंज आने जाने वाले राहगीरों निकलने के लिए को घण्टों इंतजार करना पड़ा चुकी इस सड़क पर निर्माण कार्य चल रहा है बाहन निकलने के लिए उचित व्यवस्था न होने के कारण आए दिन गाड़ियां फसने की समस्या बनी रहती है जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है प्रशासन इस पर ध्यान दे जिससे बारिश के मौसम में ऐसी समस्या बार बार उत्पन्न न हो ठेकेदार दार द्वारा सड़क निर्माण के साथ साथ वाहन निकले की उचित व्यवस्था करें जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे और सड़क निर्माण कार्य भी समय से पूर्ण हो सके।

### भाई ने भाई के साथ की मारपीट थाने में मामला दर्ज

**अमानगंज।** ज्ञात हुआ है कि फरियादी किशोरी लाल ओमरे पिता स्व. काशीराम ओमरे उम्र 60वर्ष निवासी वार्ड नंबर 01 पतारा मोहल्ला ने थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट किया में उक्त पते पर रहने वाला हूं और मैं अपने घर पर आटा चक्की का काम करता हूँ बड़े भाई रामकृपाल ओमरे ने आटा चक्की के विवाद से लेकर छोटे भाई किशोरी लाल ओमरे के साथ लाठी डंडों से मारपीट कर दी जिससे फरियादी बुरी तरह जख्मी हो गया जिससे उसके हाथ मे गंभीर चोट आई है जिसकी रिपोर्ट थाना अमानगंज मे फरियादी द्वारा की गई। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना अमानगंज मे मारपीट की धाराओं सहित मुकदमा दर्ज कर विवेचना मे लिया गया है।

### माँ सरस्वती लाइब्रेरी का हुआ फीता काटकर शुभारम्भ

**देवेन्द्रनगर।** देवेंद्रनगर अंतर्गत माँ सरस्वती लाइबेरी का शुभारम्भ किया गया है जिसमे उमेश शर्मा वरिष्ठ भाजपा नेता, रिटायर्ड प्राचार्य रामलखन शुक्ला, एवं प्राचार्य जिगदहा रामबली सिंह माझी के कर कमलों के द्वारा फीता कर शुभारम्भ किया गया इस कार्यक्रम मे अन्य अध्यापक एवं वरिष्ठ नागरिकों के बीच कार्यक्रम को किया गया। साथ ही श्री शुक्ला जी द्वारा सरस्वती वंदना को उच्चारण करते हुए कार्यक्रम को सम्पन्न कराया।

# हजरत इमाम हुसैन की शहादत पर नगर में ताजियों के साथ निकला अमल जुलूस



## आस्था पूर्वक कर्बला में किया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

मुस्लिम समाजजनों द्वारा पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत पर उनकी याद में मनाए जाने वाले 10 दिवसीय मोहर्रम पर्व के अंतिम दिन रविवार को नगर में अखाड़ों के साथ आकर्षक ताजियों का जुलूस मातमी धुन पर निकाला गया। जिसमें लोग इमाम हुसैन और उनके साथ शहीद हुए लोगों को याद करते है। ताजिया हजरत इमाम हुसैन की कब्र के प्रतीक के रूप में होता है मोहर्रम के महीने में ही पैगंबर मोहम्मद के नवासे हजरत इमाम हुसैन कर्बला की जंग में शहीद हुए थे। मुहर्रम पर्व पर सवारियों का सिलसिला दरमियानी रात मदार चिल्ला स्थित छोटी मस्जिद के पास शुरू किया गया जिसमे अकीदत मर्दों ने शिरकत ली एवं रविवार की सुबह दस बजे से ताजियों का निकलना प्रारंभ हुआ। ताजियां सवारियों का जुलूस इमाम चौक से होते हुऐ मन्दिर मस्जिद चौराहे पर एकत्रित हुए जहां युवाओं द्वारा अखाडे में कला करतब दिखाऐ गए कुछ देर के प्रदर्षन के बाद ताजियों की सवारियां शहर गस्त के लिये आगे बढकर बड़ा बाजार बजरिया राय चौराहा से शहर गस्त करते हुए अपने-अपने मक्कानो में पहुंचे। जहां से फिर रात्रि कालीन समय में पुनः ताजियों को अलग अलग करबला नदी के घाटों पर जाकर ठंडे किए। मुहर्रम पर्व पर चारों ओर पुलिस व्यवस्था सुबह से लेकर देर रात तक चौकस दिखाई दी एवं नदी के घाटों पर नगरपालिका द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से बिजली एवं सड़क व्यवस्था के साथ वालिंटियर तैनात किये गये।

### हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल

हमारी आस्थावान नगरी उपकाशी हमेशा से गंगा-जुमना तहजीब रही है, जहां हिन्दुओं के त्यौहार के समय निकलने वाले जुलूस का मुस्लिम धर्मावलंबीजन स्वागत सम्मान करते है, वहीं मुस्लिम धर्मावलंबियों के त्यौहार के दौरान निकलने वाले जुलूस का हिन्दू भाई आपसी भाईचारे की मिसाल देते हुए स्वागत सम्मान करते हैं। शहर में मोहर्रम पर हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल भी देखने को मिलती है शहर के हजारी वार्ड में व नीम वाले बाबा साहेब की मजार में हिंदू परिवार ताजिए बनता है और मोहर्रम पर सभी मुस्लिम भाइयों के साथ अखाड़े में शामिल होकर ताजिया निकालते हैं यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है।

### जगह-जगह लगी सबीले

ताजियों के जुलूस के दौरान मंदिर मस्जिद चौराहा छोटी मस्जिद बस स्टैंड चौराहा के अलावा जगह-जगह सबीले लगाई गई। जिस रुट से ताजिए निकाले गए, वहां पर स्थानीय लोगों ने सबील लगाकर जुलूस में शामिल लोगों मीठे पानी की शरबत और कुछ सबीलों पर हलीम, बिरयानी, कबूली बांटी गई। इसके अलावा व्यक्तिगत रूप से घर-घर लोगों ने अपने स्तर पर स्वल्पाहार वितरण किया।

# अतिक्रमण किए हुए दुकानदारों को सीएमओ ने दी चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

नगर के मुख्य मार्गों से दोनों तरफ हाथठेला एवं टीन-टप्पर वाले दुकानदारों अपना कब्जा कर रखा है और अपनी दुकानों को सड़क से आगे बढ़कर दुकान लगा लेते हैं और रोड पर अतिक्रमण कर लेते है नगर परिषद द्वारा जिन दुकानों के सामने लोगों को चलने के लिए रास्ता बनाया था। वहां दुकानदारों ने अपनी अपनी दुकान के सामने दीवाल उठाकर सटर को आगे बढ़ा लिया है और फिर इतना ही नहीं अपनी दुकान के सामने अतिक्रमण के रूप में सड़क तक अपने सामान को फैला लेते हैं जिससे आमजन को निकलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अतिक्रमण के मामले को लेकर शनिवार को नगर परिषद सीएमओ पीयूष अग्रवाल एवं नायब तहसीलदार चंदशेखर शिल्पी, नगर परिषद उपयंत्री भूपेंद्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में दोनों विभागों के कर्मचारियों के द्वारा नगर में अतिक्रमण किए हुए दुकानदारों को चेतावनी देते हुए उनके सामान जो सड़क किनारे तक लगे हुए थे उनको अंदर कराया और चेतावनी देता हुए द्वारा से अपनी हद तक दुकानें लगाने कहा इसमें सीएमओ पीयूष अग्रवाल ने सभी को नोटिस देने की बात कही है। नोटिस के बाद यदि किसी का सामान सड़क के किनारे पाया जाता है तो सभी सामान को जप्त कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# देवता बेचारे फूट-फूट कर रोते रहते हैं राधा रानी की भक्ति पाने के लिए - पं रवि शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

स्थानीय अथाई रोड आम चौपरा स्थित रासबिहारी राधाकृष्ण मंदिर मे चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस मे कथा वाचक आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने कहा कि देवता भी राधा रानी की भक्ति प्राप्त करने के लिये तरसते है, क्योंकि उन अभागो को अधिकार ही नहीं मिला है। भक्ति करने का देखो सभी देवी देवताओं और जीवों का श्रृजनश्री राधाजी ने ही किया है। राधा जी को सिर्फ वृषभानु की पुत्री न समझो राधा अनन्त अनन्त ब्रह्माण्ड का भरण पोषण करने वाली महाशक्ति है। इनके रुप के दर्शन करने की बात तो छोडो चरणों की धूली पाने के लिए ब्रह्मा विष्णु महेश तरसते रहते हैं यदि भाग्यवश ब्रह्मा विष्णु या महेश को राधा रानी के चरणों के नखों का दर्शन हो भी जाए तो वह नखों की सुन्दरता और दिव्य प्रकाश देख बेहोश होकर धरती पर गिर पड़ता है। देवता बेचारे फूट फूट कर रोते रहते हैं राधा रानी के दर्शन करने को किन्तु देवता की योनि में भक्ति का अधिकार ही नहीं है देखो भक्तों तुम सब कितने बड़भागी हो जो मनुष्य योनि में आए हो तुम बिल्कुल आसानी से राधा रानी के दिव्य गोलोक धाम जा सकते हो बस जरुरी है। लगन के साथ राधा की भक्ति करने की देखो भक्तों बैकुंठ से लाखों योजन ऊपर गोलोक धाम है वहां वृन्दावन नामक दिव्य स्थान है वहीं लाडली राधा सभी सखियों के साथ नित्यवास करती हैं राधा के प्रेमी भक्तजन अन्तोगत्वा शरीर त्यागने के बाद बैकुंठ से भी लाखों गुणा अनन्त सुख के धाम गोलोक को जाता है वहां स्वयं लाडली श्री राधे जी के चरणों का आश्रय आपको प्राप्त होगा लाखों सखियां है वहां वृन्दावन के वन उपवन में सबका दर्शन मिलेगा वहां स्त्री पुरुष का कोई भेदभाव नहीं होता है वहां सब तुम्हारे अपने हो जायेंगे खूब कृपा होगी लाडली जू सरकार की क्योंकि वहां गोलोक जाने के बाद सब कृष्णमय हो जाते है क्योंकि सबकि आत्मा कृष्ण के अंश है इसलिए वहां कृष्ण के स्वरुप को प्राप्त होकर हाथ में बांसुरी सिर पर मोर मुकुट आ जाता है सभी सिद्धियां अपने आप मिल जाती है मैं सत प्रतिशत सही कह रहा हूं राधा की भक्ति करने से अन्त में वहीं जाओगे स्वर्ग या पित्रलोक में कहीं भी रुकना नहीं पड़ेगा विश्वास रखो अनन्त अनन्त ब्रह्माण्ड को पार करते हुए राधा नाम के प्रभाव से उस गोलोक तक आसानी से पहुंच जाओगे।

# शहीदे कर्बला को याद कर निकाला मातमी जुलूस



**दमोह।** शहीदाने कर्बला हजरत इमाम हुसैन अ.स. व उनके 72 साथियों पर यजीद व उसके हजारों की फौज के द्वारा किये गये जुल्मो सितम को याद कर शिया समुदाय ने मुहर्रम के 10 दिनों तक सभी इमामवाड़ों में ईरान से तशरीफ लाये मौलाना सैय्यद एजाज हुसैन जैदी साहब ने कुरान की आयत और हदीस की रोशनी में तकरीर फरमाई जिसमें यजीद ने इमाम हुसैन और उनके आल को खाना, पानी से महरूम रखा और पानी पर पहरे लगाये और अनेक प्रकार की अजीयतें दी। उसी की याद में शिया समुदाय ने 10 मोहर्रम को मातमी जुलूस निकाला. जिसमें अलम ताजिये निकालकर बड़े और बच्चों ने या हुसैन व हुसैन जिंदाबाद व यजीद मुर्दाबाद के नारे लगाकर नोहा मरसिया पढ़कर शहीदाने कर्बला वालों पर हुये जुल्म की याद कर हाथ व जंजीर से मातम कर उन पर हुई अजीयतों को याद कर मातमी जुलूस निकाला। मातमी जुलूस पुरैना तालाब ईरानी इमामबाड़ा से शुरू होकर सिविल वार्ड नंबर 2 सुभाष स्कूल के पास जाफरी इमामबाड़ा से होते हुए पुराना थाना, सिटी नल, पुराना बाजार, जैदी इमामबाड़े जाफरी इमामबाड़ा पहुंचा। जगह-जगह तबलगी नोहे पर छोटे-छोटे बच्चे व नौजवान मातम करते हुए चल रहे थे। इस दौरान अलम और ताजिया लेकर फुटेरा तालाब कर्बला पहुंचकर शोगवारों ने अलम व ताजिए ठंडे किए। जुलूस में मौलाना सैयद एजाज हुसैन जैदी साहब शरीक रहे. जिन्होंने मोहर्रम में दस दिन अलग-अलग सभी इमामबाड़ों में कुरान की आयतों व हदीस की रोशनी में तकरीर फरमाई।

# रोगी कल्याण समिति की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



शनिवार को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रोगी कल्याण समिति की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी द्वारा की गई। बैठक में तेंदूखेड़ा एसडीएम सौरभ गंधर्व सीबीएमओ डॉ अशोक बरौनियां थे। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र में फैली अवस्थाओं को लेकर राज्यमंत्री की मौजूदगी में 10 बिंदु पर चर्चा हुई जिसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत करने सीएचसी केम्पस की बाउंड्री वॉल की ऊंचाई बढ़ाने पर चर्चा की। पीएनसी वार्ड के जीना का मरम्मत एवं निर्माण कार्य वाटर कूलर एक्स-रे मशीन बार बार खराब होने पर डिजिटल सीएचसी में रिस्त पदों की जानकारी के संबंध में चर्चा जिला औषधि विक्रेता संघ द्वारा प्रदत्त 5 मरीजों को पौष्टिक आहार किट वितरित की गई। 10 स्टील बैच मंगाने बाबत शव संधारण फिज की व्यवस्था बावत सीएचसी केम्पस के पीछे साइड मुरमीकरण हेतु चर्चा रोगी कल्याण में पहले से कार्य करने वाले का मनोदय बढ़ाने पर चर्चा सरिता अहिरवार की आउटसोर्स से नियुक्ति हेतु इन सभी विषयों पर राज्यमंत्री की मौजूदगी में चर्चा की गई।

इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन सांसद प्रतिनिधि मूरत सीग लोधी, मंडल अध्यक्ष संत कुमार पाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव, विधायक प्रतिनिधि आदित्य राज मोदी, डॉ परम सिंह लोधी, विवेक जैन, मनीष मोदी, युवा मोर्चा अध्यक्ष शुभम जैन, पंडित नर्मदा प्रसाद दुबे, सहित जनप्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद थे।

# सेवानिवृत्ति अभिवादन समारोह संपन्न



**झलौन।** रविवार को सेवानिवृत्ति अभिवादन समारोह कार्यक्रम जैन धर्मशाला में हुआ। राजेंद्र जैन ने झलौन इमलिया घाट माडनखेडा समिति प्रबंधक के रूप में सेवाएं दी जि कार्यकाल 30 जुन 2025 को पूर्ण हुआ। वह झलोंन सेवा सरकारी समिति से सेवानिवृत्ति हुऐ जिसकी उपलक्ष में सेवानिवृत्ति अभिवादन समारोह रखा गया जिसमें पूर्व विधायक प्रताप सिंह, सुंदरलाल जैन, खिलान सिंह ठाकुर, पुरा जनपद अध्यक्ष तुलाराम यादव, सुरेश चंद्र जैन, पदमचंद जैन, पूर्व रिटायर गुलाब सींग मासाब, पूर्व सरपंच हल्के दाऊ एब कई ग्रामों से सरपंच शिक्षक समिति स्टाफ जैसे तेंदूखेड़ा, तेजगढ़, तारादेही, समनापुर, टोरी, ससना, धनेटा, उमरिया, लकलका, सोमखेडा, इमलिया घाट, झापन, हिनोती, पुरा बैरागढ़, सेहरी, मगदुपुरा, झलोन के सैकड़ो की भारी संख्या लोगों ने श्रीफल साल एवं माला पहनकर अभिवादन किया।

# यादें हुसैन शहीदाने कर्बला निकाले गए ताजिया



**तेंदूखेड़ा।** हर साल की तरह इस साल भी यादें हुसैन शहीदाने कर्बला नगर में बड़ी धूम धाम से मनाया गया जिसमें पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के नाती हजरत इमाम हुसैन हसन हुसैन और उनके 72 जा नशीन साथियों की शहादत में मनाया जाता है। इन्होंने इस्लाम को बचाने और हक की राह की खातिर अपने पूरे घर के घर को कुर्बान कर दिया था लेकिन यजीद से हाथ नहीं मिलाया। इसीलिए हुसैन आज भी सबके दिलों में जिंदा है और नगर के सभी समुदायों के लोगों ने मिल जुलकर जगह जगह जुलुश का स्वागत किया। साथ ही नगर का अखाड़ा के साथ नगर के व ग्राम झरौली के ताजिया सवारियां और बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए जिसमें नगर तेंदूखेड़ा की जामा मस्जिद के इमाम हाफिज खालिद रजा सदर अब्दुल शमी ( अध्यक्ष ) नायब सदर हाजी डॉ अब्दुल अजीज खान ( उपाध्यक्ष ) अब्दुल सलाम खान खलील खान सोनू खान एंजी साबिर खान रहीश खान कल्लू बाबा शोएब खान इदरीश खान फिरोज खान शहजाद खान शेख जुम्मन शेख गफूर सलीम खान अक्कू भाई भूरा खान नसीम शाह शहीद शाह बबलू टेलर इत्यादि सभी मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए।

# समाजसेवियों को है पर्यावरण से प्रेम, विगत सालों से मुक्तिधाम में चला रहे मुहिम

**हटा।** जहां एक तरफ पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाखों रूपए खर्च कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अभियान चला रहे है। वही दूसरी ओर उपकाशी में एक दर्जन से ज्यादा समाजसेवी पिछले 10 सालों से नगर के गौरीशंकर मंदिर के समीप मुक्तिधाम में पर्यावरण संरक्षण की मुहिम अपने दम पर चला रहे है जो पर्यावरण दिशा में एक बेहतर पहल कर रहे है। समाजसेवी अपनी मुहिम को आगे बढ़ाते हुए नए लोगों को प्रेरित कर उनके साथ पौधरोपण कर उन्हें सुरक्षित रखने के लिए संकल्पित रहते है।

### समाजसेवियों के प्रयास से मुक्तिधाम फैल रही हरियाली-

समाजसेवी अशोक चंपी चौरसिया ने बताया कि मुक्तिधाम में पौधरोपण एवं उनका संरक्षण करना होता है तो हम सभी लोग मिलकर अपने खर्च के पौधे लाकर पौधरोपण करते हैं। पर्यावरण के लिए प्रत्येक रविवार को सुबह समय निकालकर मुक्तिधाम में



साफ सफाई एवं पौध संरक्षण का कार्य करते हैं। जिसकी सराहना नगर में की जा रही है इससे अन्य लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए। राजाराम गोस्वामी ने कहा बारिश के मौसम में पौधरोपण के वृहद अभियान चलाए जाएं। छोटे-छोटे प्रयासों से ही आने वाली पीढ़ी को हम हरा-भरा वातावरण दे सकते हैं। नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि अपने व परिजनों के जन्मदिन या वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर एक पौधा जरूर लगाएं। इस मौके पर पंडित राजाराम गोस्वामी, पुष्पेंद्र मोनू पांडे, शिवशंकर कुशवाहा, केशव प्रजापति, नारायण तंतुवाय, धर्मेंद्र सेन, सोनू पंडा, कामता तंतुवाय एवं मुक्तिधाम सेवा समिति सदस्य मौजूद रहे।

# जैविक हाट बाजार समीति अध्यक्ष थम्मन सिंह निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जैविक उत्पाद एवं विक्रेताओं की समीति की कार्यकारणी के निर्वाचन की प्रक्रिया में अध्यक्ष,सचिव एवं सदस्यों के चुनाव सम्पन्न हुये। आज 06 जुलाई रविवार को दमोह नगर में 37 जैविक/प्राकृतिक खेती उत्पाद हाट बाजार में नियमित आने वाले किसानों के द्वारा समीति के निर्वाचन के लिये रमेश यादव को अधिकारी नियुक्त किया।

निर्वाचन की प्रक्रिया को एक बैठक के बाद विधि के अनुसार उपस्थित सभी सदस्यों ने अपना अपना मत देते हुये अपने अध्यक्ष एवं सचिव का चुनाव किया। निर्वाचन अधिकारी रमेश यादव ने बताया कि पूर्व में समीति थी उनके अध्यक्ष की निष्क्रियता के कारण नयी समीति के गठन का निर्णय लिया गया था। आज सर्व सम्मति से जैविक कृषक थम्मन सिंह लोधी, सचिव श्रीराम कुरेरिया, उपाध्यक्ष श्रीमती हीरा लोधी को निर्वाचित किया किया गया। उन्होने बताया कि अध्यक्ष थम्मन सिंह को यह अधिकार दिया गया है कि वह अपनी कार्यकारणी शीघ्र घोषित करें। निर्वाचन की प्रक्रिया में रमेश यादव, बहादुर सिंह, श्रीमती आरती अहिरवार, श्रीमती गंगा बाई पटेल, श्रीमती बबिता लोधी,श्रीमती रूपवती पटेल एवं नंद किशोर अहिरवार को कार्य समीति का सदस्य घोषित किया गया। नर्व निर्वाचित अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों को तिलक लगाकर एवं जैविक गुड खिलाकर सभी ने शुभकामनायें दीं। इस अवसर पर नर्व निर्वाचित अध्यक्ष थम्मन सिंह ने कहा कि जैविक हाट बाजार एवं जैविक उत्पादकों की समस्याओं के निराकरण के लिये सदैव कार्य करूंगा। उन्होने कहा कि जो जबाबदारी मेरे कंधे पर रखी गयी है उसको पूरा करने मेरा प्रयास होगा। सचिव श्रीराम कुरेरिया ने निर्वाचन की प्रक्रिया में भाग लेने वालों को धन्यवाद दिया। उन्होने कहा कि पूर्व की कार्यकारणी एवं अध्यक्ष का कार्यकाल निष्क्रियता से भरा रहा है। इसलिये आज हम सभी को यह निर्णय लेना पडा है।

# इमाम हुसैन की शहादत की याद में निकाले ताजिया



**पथरिया।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर में दोपहर 3 बजे से ताजिया सवारी वार्ड नंबर 13 से निकलना प्रारंभ हुआ जिसमें तमाम मुस्लिम समाज व अन्य लोग भी शामिल हुए। ताजिया निकलते समय सभी समुदाय के शामिल लोगों ने जगह जगह पर अखाड़ा खेला एवं तजिए की सवारी को समस्त नगर से ले जाया गया। जिसमें नगर के कई अहम लोगों सहित पुलिस प्रशासन का सहयोग रहा।

### ताजिया जुलूस जहां से वहां भी साफ सफाई नही हो पाई

नगर में ताजिया निकाले जाते है जिसकी प्रशासन को लिखित रूप से अवगत भी कराया जाता है लेकिन इसके बाद भी नगर की सफाई व्यवस्था की पोल खुल गई दअरसल जिस रास्ते से ताजिया की सवारी निकलती है वहां जगह जगह गंदगी का आलम रहा। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने आरोप लगाया कि साल में मुस्लिम समुदाय का एक ही त्यौहार है उसमें भी नगर परिषद द्वारा द्वारा ध्यान नही दिया गया। जब समुदाय के लोगों ने शिकायत की नगर परिषद के सफाई दरोगा मिथुन हारिया ने बताया कि रविवार की छुट्टी रहती है इस दिन कोई काम पर नहीं आता है। इस प्रकार जवाब मिलने पर नगर परिषद की सी एम ओ ऋतु पुरोहित को इस बात से अवगत कराया तो उन्होंने आश्वासन देते हुए बोला अभी सफाई व्यवस्था दुरस्त करा रहे है लेकिन फिर भी कर्मचारियों ने सफाई नही की।

# सिद्धचक्र महामंडल विधान में 64 शांतिधारा के साथ 64 रिद्धी के अर्घ्य समर्पित

## वसुंधरा नगर में सिद्धाचक्र महामंडल की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





शहर के वसुंधरा नगर में चल रहे सिद्धचक्र महामंडल विधान में चौथे दिन 64 रिद्धि के 64 अर्घ्य समर्पित कर सिद्ध भगवान की आराधना की गई। डॉ पंडित आशीष जी के निर्देशन में बड़ी ही भक्ति भाव के साथ श्रद्धालु विधान का आनंद ले रहे है। चतुर्थ दिवस प्रातः काल 64 शांतिधारा की गई जिसमें प्रत्येक परिवार ने अपनी सहभागिता की। पंडित आशीष जी द्वारा विशेष रिद्धि मंत्रों, जैन आगम में उल्लेखित प्राकृत, संस्कृत हिंदी व बीजाक्षर मंत्रों से सम्पन्न शांतिधारा का वाचन करते हुए शांतिधारा कराई। इसके पश्चात पूजन एवं श्री सिद्ध चक्र विधान भक्तिभाव से शुरू हुआ। जबलपुर नाका, विजय नगर, एवं सागर नाका जैन मन्दिर से श्रद्धालु जन द्रव्य लेकर पहुंचे एवं पुण्य लाभ लिया। वसुंधरा नगर मंदिर कमेटी ने सभी का स्वागत किया। अतुल जैन म्यूजिकल ग्रुप सागर के संगीत के मधुर धुनों पर सभी भक्ति व नृत्य करते हुए जिनेन्द्र प्रभु की अर्चना कर रहे है। आयोजन समिति ने सकल जैन समाज से विधान में सम्मिलित होने की अपील की है।

## संस्कृत में विधान लिख रहे डॉ आशीष जी



प्रतिष्ठाचार्य डॉ आशीष जी जैन शिक्षाचार्य जैन आगम के ज्ञाता तो है ही इसके साथ ही उन्होने ज्योतिष, संस्कृत आदि सात विषयों में मास्टर डिग्री प्राप्त की है। वह जैन आगम, प्रतिष्ठा पाठ एवं संस्कृत भाषा के विद्वान है जिन्होने आगम के आधार से संस्कृत में अपनी कई रचनायें लिखी है। वर्तमान में वह सिद्धचक्र विधान का संस्कृत अनुवाद लिख रहे है जो कि एक महत्वपूर्ण व कठिन कार्य है। इसके साथ ही कई विषयों पर लेख आलेख लिखकर अपनी यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों व समाज के लोगो में ज्ञान का संचार करते रहते है। ऐसे विद्वानों से ही दमोह जैन समाज ही नहीं अपितु संपूर्ण भारत की जैन समाज गौरवान्वित है।

**खबर संक्षेप**

## फांसी लगाकर महिला ने की आत्महत्या

**दमोह।** जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत जबलपुर नाका चौकी के समीप ग्राम आमचोपड़ा में 55 वर्षीय वृद्ध महिला ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने का घटनाक्रम सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जबलपुर नाका चौकी से एएसआई अभय सिंह, आरक्षक प्रताप ने पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कार्रवाई करते हुए बताया कि मृतिका गीता पति अशोक यादव की फांसी लगाकर मौत हुई,जिसका मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

## जंगली जानवर ने भैंस चरवाहा पर किया हमला

**दमोह।** रविवार को जंगली जानवर तेंदुआ या वाघ के हमले से गंभीर रूप से घायल दमोह जिला अस्पताल आए जेहर सिंह यादव पटीकला सिमरिया जिला पन्ना का इलाज दमोह जिला अस्पताल में जारी है। वन मंडल अधिकारी दमोह ईश्वर जरांडे व और वन मंडल अधिकारी दक्षिण पन्ना के निर्देशन में परिक्षेत्र मोहंद्रा के वनरक्षक रामकृपाल अहिरवार ने दमोह जिला अस्पताल पहुंचकर घायल के बारे में जानकारी ली, तत्काल ही वन विभाग द्वारा 5000 रूपये की राशि दी गई, साथ ही बेहतर इलाज कराने की सलाह दी।

## मौसम असाटी बने सीए

**दमोह।** जिले के असाटी समाज फुटेरा वाले दिनेश असाटी के पुत्र मौसम असाटी उज्जैन को सी.ए. बनने पर सभी परिवारजनों ने बधाई व शुभकामनाएं दी है। मौसम स्वर्गीय बुद्धेलाल असाटी फुटेरा कला के नाती हैं, जिन्होंने यह उपलब्धि हासिल कर जिले के सभी युवाओं को प्रेरित किया है। मौसम अपनी सफलता के लिए अपने परिजनो, गुरूजनो, मित्रजनो के मार्गदर्शन से ही इस सफलता को हासिल कर सका हूं जिसके लिए वह सभी के सहयोग के प्रति धन्यवाद दिया हैं।



# निर्माणाधीन स्कूल भवन का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

नगर के दूरस्थ क्षेत्र में बन रहा सीएम राईज स्कूल भवन का गत दिवस शिक्षा विभाग के अधिकारियों, विधायक प्रतिनिधि व पत्रकारों ने निरीक्षण कर वहा के हालात जाने। इस दल में विधायक प्रतिनिधि भरत पटेल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश गूजरे, हरिभूमि ब्यूरो प्रमुख नरेन्द्र बजाज, सीएम राईज माडल स्कू प्राचार्य विवेक नेमा, उत्कृष्ट विद्यालय के कमलेश शर्मा प्रमुख रूप से शामिल थे। कार्य की प्रगति धीमी है। हालांकि बीईओ श्री गूजरे ने बताया कि मार्च माह से प्रगति में सुधार तो है पर अभी भी समय लगेगा। कार्य देख रहे प्रभारी ने बताया कि पन्द्रह दिन से बारिश के कारण कार्य प्रभावित हो रहा है। एक वर्ष से कम समय में कार्य पूरा करने की तैयारी है जो कार्य के स्तर को देख कर मुश्किल लगी रही है। विधायक प्रतिनिधि पटेल ने शीघ्र कार्य में गति लाने की बात कही। स्कूल तो बन जायेगा परंतु नगर परिषद की उदासीनता के चलते सड़क बनाने की कोई तैयारी नहीं की जा रही है। जबकि आईटीआई कालेज भी इसी के बगल में है। जहां विद्यार्थी पहुंचाने में परेशानी होती है।

## आज सभी शासकीय विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्र व महाविद्यालय बंद रहेंगे

**दमोह।** जिले में हो रही भारी वर्षा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने 07 जुलाई को सभी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों और महाविद्यालयों में एक दिन का अवकाश घोषित किया है।

## युवा संगम के नाम पर हो रही धोखाधड़ी से युवा बचें

**दमोह।** प्राचार्य आईटीआई ने बताया युवा धोखाधड़ी से बचें। नौकरी के नाम पर जालसाजी से बचें! युवा संगम के नाम पर या रोजगार देने के नाम पर राशि की मांग जालसाजी हो सकती है। युवा संगम का उद्देश्य निशुल्क रोजगार अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा सावधानी बरतें, युवा संगम के नाम पर राशि की मांग करने वालों से सावधान रहें। किसी भी व्यक्ति या कंपनी द्वारा राशि की मांग करने पर तत्काल जिला रोजगार अधिकारी को सूचित करें। किसी भी प्रकार की राशि हस्तांतरित न करें और न ही डिजिटल माध्यम से लेनदेन करें। अगर आपके साथ साइबर फ्रॉड हुआ है तो तत्काल 1930 पर कॉल करें और अपनी शिकायत दर्ज करें। उन्होंने कहा युवा संगम कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को निशुल्क रोजगार के अवसर प्रदान करना है। किसी भी प्रकार की राशि की मांग करना जालसाजी हो सकती है। जागरूक रहें और सुरक्षित रहें।

# ग्रामीणों की परेशानी, हैंडपंप डूबा, घुटनों तक भरे पानी में पानी भरने की मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



जबेरा जनपद की ग्राम पंचायत रीछई के गांव रम्पुरा मझघरा पारासर में एकमात्र पेयजल स्त्रोत हैंडपंप है, जिसका पानी 12 महीने तीन गांव के लोग पीते हैं। लेकिन बारिश की 4 महीने हैंडपंप डूब जाता है और महिलाएं घुटनों तक भरे पानी में से होकर पीने के लिए पानी भरने के लिए मजबूर हैं।

समस्या का कारण दशकों पहले हैंड पंप के पास सड़क निर्माण के लिए खोदी गई खदान में ग्राम पंचायत के द्वारा तलैया निर्माण करवा दिया गया, जिससे हैंडपंप डूब क्षेत्र में आ गया। पानी निकासी की व्यवस्था नहीं की गई, जिससे यह समस्या बारिश की 4 महीने बनी रहती है। ग्रामीणों को घुटनों तक भरे पानी में से होकर हैंडपंप से पानी भरना पड़ता है। हैंडपंप के पास बर्तन तक रखने के लिए जगह नहीं है। तलैया का गंदा पानी हैंडपंप के पानी में समाहित हो जाता है और ग्रामीणों को गंदा पानी पीना पड़ता है। ग्राम पंचायत की सरपंच गौरव गोस्वामी सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड करके ग्रामीणों की समस्या समाधान के लिए पीएचई विभाग से गुहार लगा रहे हैं। हैंड पंप का प्लेटफार्म और ऊंचाई बढ़ाने की मांग की जा रही है। जनपद के अधिकारियों को इस समस्या के प्रति गंभीर होने की जरूरत है और ग्रामीणों को राहत देने के लिए आवश्यक कार्य करने की जरूरत है। ग्रामीणों की समस्या समाधान के लिए चाहे ग्राम पंचायत हो या पीएचई विभाग, इस स्थिति से ग्रामीणों को राहत देने के लिए जो भी कार्य होना है उसको पूरा करवाने की जरूरत है। गौरव गोस्वामी सरपंच ग्राम पंचायत रीछई ने डूब क्षेत्र में आए हैंडपंप का प्लेटफार्म और ऊंचाई बढ़ाने की मांग पीएचई विभाग से की है ताकि ग्रामीणों को बारिश के मौसम में पानी भरने की समस्या से निजात मिल सके।

## घटेरा में रेलवे ट्रैक पर युवक की मौत

बनवार।



दमोह जिले के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत बनवार चौकी के घुटकुआ रेलवे फाटक समीप रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। घटना 5 जुलाई की सुबह-सुबह की बताई जाती है जिसका पीएम 6 जुलाई को किया गया है मृतक की पहचान निकिल पिता लोकमन यादव उम्र 27 वर्ष निवासी गढ़िया मानगढ़ के रूप में हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, निकिल सुबह-सुबह भैंसों को चराने गया था, तभी थ्री लाइन रेलवे ट्रैक पर चकमा खाकर रेल से कट गया, जिससे उसकी मौत हो गई।जिसकी सूचना 4:30 बजे बनवार चौकी को दी गई और चौकी से प्रधान आरक्षक मुकेश शर्मा स्टॉफ पुलिस ने पहुंचकर शव का पंचनामा भरती भरकर पोस्टमार्टम कार्रवाई की। शव का पीएम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है। निखिल के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि निकिल अपने परिवार काकमाने वाला था और उसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पुलिस ने परिजनों को ढांढस बंधाया है।

# पेड़ लगाकर बांटे छाता व रेन सूट




**दमोह।** अग्रवाल समाज मध्य प्रदेश के अध्यक्ष आदरणीय कैलाश मित्तल के निर्देशन में मध्य प्रदेश महिला महासभा दमोह इकाई के द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत दमोह में आदिवासी छात्रावास में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन मध्य प्रदेश महिला महासभा दमोह के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश महिला महासभा की सदस्यो ने बच्चों के लिए रैंन सूट एवं छाते का वितरण किया किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्य प्रदेश महिला महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रमा अग्रवाल के निर्देशन में किया गया। इस कार्यक्रम का प्रयोजन आदिवासी छात्रावास में गरीब बच्चों को बरसात से बचाने के लिए उक्त सामग्री वितरित की गई ताकि वह अपना शिक्षण कार्य सतत रूप से कर सकें वर्तमान में दमोह जिले में अत्यधिक बारिश हो रही है। अतः महिला महासभा के द्वारा इस कार्यक्रम को संपन्न किया गया एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत महिला महासभा ने गुलमोहर बेल पत्ती शमी पत्ती तथा पारिजात का पेड़ का रोपण किया। इस कायक्रम में श्रीमती विद्या बजाज का विशेष योगदान रहा, संभागीय उपाध्यक्ष रितु अग्रवाल, नगर अध्यक्ष अंजलि अग्रवाल, महामंत्री सुमित्रा उपाध्यक्ष, अंजलि अनंत सचिव मंजू सांस्कृतिक मंत्री, अर्चना मंत्री ज्योति अग्रवाल, उप मंत्री सहसचिव गीता अग्रवाल, उप मंत्री वंदना अग्रवाल, उप मंत्री रूपा मीडिया प्रभारी रिद्धि अग्रवाल तथा श्रीमती रागिनी मंजू गरिमा, रोशनी, संगीता, मंजू, अनुषा आदि का योगदान रहा।

## पांच विद्यार्थी इंस्पायर अवार्ड मानक के राज्य स्तरीय मेले में होंगे शामिल

**दमोह।** इंस्पायर अवार्ड मानक योजना प्रतियोगिता सत्र 2023-2024 एवं सत्र 2024-2025 का जिला स्तरीय आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सागर में दिनांक 4 एवं 5 जुलाई 2025 को आयोजित किया गया। जिसमें दमोह जिले के दोनों सत्रो के कुल 65 प्रतिभागियों ने सहभागिता कर अपने उत्कृष्ट मॉडलों का प्रदर्शन किया। इसमें से पांच प्रतिभागी विद्यार्थियों भुवनेश्वरी चक्रवर्ती, शासकीय सरदार पटेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह, पुष्पेंद्र साहू सरस्वती शिशु मंदिर पथरिया, राजा प्रजापति शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्कूल सोजना, दीपेंद्र कुमार शासकीय माध्यमिक शाला सोजना, काशिफा अली TAS स्कूल दमोह का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। मार्गदर्शी शिक्षकों में सचिन सिंह लोधी, उत्तम प्रसाद, बहादुर सिंह ठाकुर, रजनी नामदेव, सतीश खरे उपस्थित रहे। जिला विज्ञान अधिकारी मोहन राय ने बताया कि सभी विद्यार्थियों के खाते में डिपार्मेंट आफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी एवं नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन भारत सरकार द्वारा मॉडल निर्माण हेतु दस - दस हजार रुपए की राशि प्रदान की जाती है। सत्र 2025 - 2026 हेतु 15 जून से रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है सभी शासकीय एवं अशासकीय माध्यमिक शालाएं हाई स्कूल तथा हायर सेकंडरी विद्यालय द्वारा शीघ्र पंजीयन कराएं ताकि आपके विद्यालय के विद्यार्थी भी इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ ले सकें। एक विद्यालय से अधिकतम पांच विद्यार्थी अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

# पटेरा जनपद सीईओ के प्रभार को लेकर जारी है खींचातान

**पटेरा।** जनपद पंचायत में सीईओ के प्रभार में अभी भी दमोह सीईओ हलधर मिश्रा प्रभार में है। जनपद पंचायत के पूर्व पदाधिकारी व उनकी टीम भी मिश्रा के पक्ष में मुहिम चला रहे है जिसमें वर्तमान अध्यक्ष सहित अनेक सरपंच शामिल है। शुक्रवार को उन्होने विधायक से भी श्री मिश्रा के पक्ष में समर्थन लिया है। जबकि कुछ अन्य पदाधिकारी श्री गुप्ता को यहां प्रभार दिलाने के पक्ष में है। वहीं अनेक सरपंच इस बात पर जोत दे रहे है कि यहां सीधा जनपद सीईओ को प्रभार दिया जाये जो यही रह कर कार्य करे ताकि दलाली प्रथा पर लगाम लग सके। लंबित भुगतान करने प्रभार की होड़ है। शिकायतों व कार्यो के निरीक्षण में किसी की रूचि नहीं है। देखना है कि प्रशासन क्या रूख अख्तियार करताहै क्योंकि श्री गुप्ता का आदेश आयुक्त कार्यालय सागर का है। अभी तो चर्चाओ का बाजार गर्म है।

# पंचायत भवन का किया लोकार्पण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

दमोह जिले की जबेरा विधानसभा अंतर्गत ऊपर पहाड़, आदिवासी क्षेत्र के ग्राम कलूमर में नवनिर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस भवन के निर्माण से कलूमर पंचायत के सात ग्रामों को सुविधा पहुंचेगी।

मंत्री श्री लोधी ने बताया कि कलूमर ग्राम में आजादी के बाद से कोई पंचायत भवन नहीं था, जिसको गंभीरता से लेते हुए उन्होंने 20 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित भवन की स्वीकृति प्रदान कराई- उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार निरंतर विकास के कार्य कर रही है और अब धरती आबा योजना के तहत हर आदिवासी ग्राम में 2 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के विकास कार्य किए जाएंगे। नल जल योजना के माध्यम से पहाड़ी इलाके में पानी पहुंचाने के कार्य की भी प्रशंसा की। मंत्री श्री लोधी ने बताया कि जबेरा जनपद में 113 ग्राम हैं जिनको धरती आबा योजना से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार में एक ग्राम में एक कुटीर आया करती थी, लेकिन उनकी सरकार ने कलूमर ग्राम में 381 कुटीर बना दी हैं और सर्वे करवाया है जिसमें 65 नाम और जोड़े गए हैं। नवनिर्मित पंचायत भवन के लोकार्पण से कलूमर पंचायत के निवासियों को सुविधा मिलेगी और विकास के कार्यों को बढ़ावा मिलेगा।

# गर्वित जैन के एसडीओ बनने पर किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



जबेरा नगर की होनहार प्रतिभा गर्वित जैन के पीएससी से फॉरेस्ट विभाग में एसडीओ के पद पर चयन होने पर रविवार को भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने सम्मिलित होकर जबेरा नगर को गौरवान्वित करने वाले गर्वित जैन को बधाई और शुभकामनाएं दी। इसके पूर्व नगर की होनहार प्रतिभा के सम्मान में नया बाजार से जुलूस का आयोजन किया गया जो बैंड बाजों के साथ नगर भ्रमण करता हुआ नरसिंह देवालय पहुंचा जहां भगवान नरसिंह जी का पूजन अर्चन कर निवास स्थल पहुंचा। इस दौरान जगह-जगह नगर वासियों द्वारा एसडीओ के पद पर चयनित गर्वित जैन का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी गई। जबेरा निवासी शिक्षक सुशील कुमार जैन एवं श्रीमती रश्मि जैन द्वारा नगर का नाम रोशन करने वाले अपने पुत्र गर्वित जैन के सम्मान में आयोजित किए गए सम्मान समारोह में नगर वासियों ने उपस्थित होकर होनहार प्रतिभा का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए जबेरा नगर को गौरवान्वित करने वाला क्षण बताया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन ने गर्वित जैन का सम्मान करते हुए कहा कि यह जबेरा नगर के लिए बड़े गर्व की बात है कि ऐसी प्रतिभायें जबेरा में निरंतर सामने आ रही है जो नगर का ही नहीं बल्कि संपूर्ण जिले का नाम रोशन कर रही हैं और इन प्रतिभाओं से प्रेरणा लेकर हमारे क्षेत्र के छात्र सफलता अर्जित करेंगे। वही पीएससी से फॉरेस्ट विभाग में एसडीओ के पद पर चयनित होकर नगर का नाम रोशन करने वाले गर्वित जैन ने कहा कि श्री विद्यासागर जी महाराज एवं कुंडलपुर के बड़े बाबा जी के आशीर्वाद से मैं वह खुशनसीब बना जिसे अपने गुरुओं अपने वरिष्ठों अपने मित्रों और सभी नगर वासियों के साथ अपने माता-पिता का स्नेह और आशीर्वाद मिला जिससे मैं यह सफलता अर्जित कर सका। साथ ही मेरे बड़े भाई तहसीलदार आदर्श जैन एवं सेल्स टैक्स ऑफिसर आकाश जैन ने मुझे हमेशा प्रेरित किया जिनसे मैं प्रेरणा लेकर मेहनत करता रहा और सभी के आशीर्वाद से आज मैं उसमें सफलता अर्जित कर सका। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजेश जैन द्वारा किया गया एवं आभार व्यक्त शिक्षक सुशील कुमार जैन द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर सरपंच शिवलाल धुर्वे, प्राचार्य संजय बाजपेई, उपप्राचार्य अजय सिंघई, राजेश सिंघई, बंटी दुबे, रानू नामदेव, नीरज जायसवाल, सहारा ठाकुर, प्राचार्य कमल सिंह ठाकुर, शिक्षक अनिल तिवारी, देवेंद्र मिश्रा, डॉक्टर मनोज जैन, शिक्षक जुगल शर्मा, मिथिलेश तिवारी, मुकेश ठाकुर, आशीष मिश्रा, जितेंद्र जैन, दिनेश साहू एवं उनके परिजनों सहित अनेक लोगों की उपस्थिति रही।